श्रेयस अय्यर अच्छी फॉर्म में हैं, जो भारत के लिए सकारात्मक बात है, लेकिन मुझे लगता है कि केएल राहुल के लिए ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। – के. श्रीकांत

पूर्व चीफ सिलेक्टर, भारतीय बल्लेबाजी क्रम को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

शुभमन गिल

भारतीय ओपनर शुभमन गिल को वनडे रैंकिंग में टॉप-2 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले हफ्ते वे तीसरे स्थान पर थे। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज के बीच ही ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इस सीरीज के तीसरे मैच में आज गिल ने शतक लगाया है, हालांकि इसके पॉइंट इस रैंकिंग में शामिल नहीं हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो वनडे मैचों में अर्धशतकीय पारी खेली थी, इसका फायदा उन्हें मिला है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम टॉप पर बरकरार हैं। गिल बाबर से केवल 5 पॉइंट्स पीछे हैं।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिस गेल 2013 आईपीएल में 30 गेंदों पर शतक बनाकर इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने पहला अंतरराष्ट्रीय टी-0 शतक भी बनाया।

मैट कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध, होगी बायोमीट्रिक जांच

सिडनी, 12 फरवरी। गेंदबाजी एक्शन को लेकर संदेह के घेरे में आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिन गेंदबाज मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच की जायेगी। आस्ट्रेलिया की मीडिया रिपोर्टस के अनुसार श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों ने कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया था और उन्होने इसकी शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से की थी। रिपोर्टस के अनुसार बायें हाथ के स्पिनर का गेंदबाजी एक्शन अगर अवैध पाया जाता है तो उन पर प्रतिबंध लग सकता है। कुहनेमन श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में 16 विकेट चटका चुके हैं। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।

गजांफर चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये अफगान टीम से बाहर

काबुल, 12 फरवरी। अफगानिस्तान के आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर होने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की। बोर्ड ने लिखा अफगानिस्तान की युवा स्पिन गेंदबाजी सनसनी, एएम ग़ज़नफ़र कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें अफगानिस्तान के हाल ही में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी, और वह कम से कम चार महीने के लिए बाहर रहेंगे और इस अवधि के दौरान उपचाराधीन रहेंगें।

रयबाकिना के पूर्व कोच वुकोव पर प्रतिबंध बरकरार

लंदन, 12 फरवरी। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना के पूर्व कोच स्टेफानो वुकोव पर डब्ल्यूटीए टूर प्रतिबंध को एक स्वतंत्र जांच में बरकरार रखा गया है। महिला टेनिस को नियंत्रित करने वाली संस्था डब्ल्यूटीए ने जनवरी में क्रोएशिया के वुकोव को कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। मंगलवार को डब्ल्यूटीए ने पुष्टि की कि वुकोव का प्रतिबंध बरकरार रखा गया है हालांकि 37 वर्षीय कोच ने आरोपों को खारिज कर दिया है जबकि रयबाकिना ने कहा कि वुकोव ने कभी भी उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं किया। डब्ल्यूटीए ने कहा इस प्रक्रिया के बाद, निलंबन बरकरार रहेगा। हालांकि निष्पक्ष और उद्देश्यपूर्ण तरीके से मामले से निपटने के लिए निकाय की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, डब्ल्यूटीए ने अधिक विवरण देने से इनकार कर दिया। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि वुकोव पर प्रतिबंध कब तक जारी रहेगा और उन्होंने डब्ल्यूटीए के कोड के किस हिस्से का उल्लंघन किया है। वुकोव फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। इस फैसले का मतलब है कि रयबाकिना वुकोव को अपनी टीम में वापस नहीं ला पाएंगी जैसे कि उन्हे साल की शुरुआत में उम्मीद थी।

दिलीप शिवपुरी का मास्टर्स वर्ल्ड कप टेनिस के लिए चयन

जयपुर, 12 फरवरी। जयपुर के वेटरन टेनिस खिलाड़ी दिलीप शिवपुरी आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे 11 मई से 16 मई तक फ्लोरिडा अमेरिका में होने वाले मास्टर्स वर्ल्ड कप के 70 प्लस पुरुष वर्ग में जयपुर के दिलीप शिवपुरी भारतीय टीम के लिए चयनित हुए हैं इससे पूर्व भी दिलीप शिवपुरी दो मास्टर्स वर्ल्ड कप मे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं वर्तमान में दिलीप शिवपुरी राजस्थान टेनिस संघ के अध्यक्ष भी हैं।

5वां रोशनलाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट शुरू

जयपुर, 12 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियर्ड्स में आयोजित 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट का आज उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि आईपीएस बीजू जॉर्ज जोसेफ और रवि नैयर ने सिंह बिलियर्ड्स के मालिक अमनपाल सिंह के साथ उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट 12 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा। आज के मैचों के स्कोर इस प्रकार हैं, अमनदीप सिंह बनाम गिरीश निभवानी 55-44, 23-10, कमल शेरवानी बनाम सचिन हसीजा 58-54, 40-28।

राजस्थान ने महाराष्ट्र के खिलाफ 161 रन बनाए

जयपुर, 12 फरवरी। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के पुणे में खेले जा रहे राजस्थान - महाराष्ट्र क्वाटर फाइनल मैच के तीसरे दिन महाराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 464 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए अनिरुद्ध सबले 115, विक्की ओस्टवाल नाबाद 108, एस एस दास 50, साहिल 53, क्षिजीत 50 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 120/4, चेतन शर्मा 63/3, आयुष अमेरिया 73/2 विकेट प्राप्त किए। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 161 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए मुकुल चौधरी 34, मोहित चांगरा 31, सुमित गोदारा 24, चेतन शर्मा 22, करण लाम्बा 20 व अशोक शर्मा 16 रनो का योगदान दिया। महाराष्ट्र के गेंदबाज विक्की ओस्टवाल 46/4 विकेट प्राप्त किये।

चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारत ने किया इंग्लैंड का सफाया, गिल का शतक

अहमदाबाद, 12 फरवरी। शुबमन गिल (112) और श्रेयस अय्यर (78) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के कातिलाना अंदाज की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां श्रृखंला के तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में इंग्लैंड को 142 रन से रौंद कर 19 फरवरी से शुरु होने वाली चैंपियंस ट्राफी के लिये अपने मजबूत इरादों का इजहार किया।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर भारत ने पहले खेलते हुये 356 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में इंग्लैंड की पारी 34.2 ओवर में 214 रन बना कर सिमट गयी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृखंला 3-0 से अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्राफी से पहले अपने अंतिम मैच में विराट कोहली (52) ने अपनी खोई फार्म को हासिल कर लिया, जिससे कोच गौतम गंभीर समेत समूचे भारतीय खेमे में संतोष का भाव नजर आया। कोहली को हालांकि आज भाग्य का सहारा भी मिला और कुछ मौकों पर वह अपना विकेट बचाने में सफल रहे।

उन्हे आदिल राशिद (64 रन पर चार विकेट) ने एक बार फिर अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा मात्र एक रन ही बना सके। उधर शुबमन गिल ने इंग्लैंड आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी। अपने एक दिवसीय करियर का सातवां शतक मात्र 95 गेंदों पर पूरा किया। वह नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में शतक जड़ने वाले इकलौते भारतीय बन गये हैं।

राशिद का शिकार बनने से पहले उन्होने अपनी शतकीय पारी में 14 चौके और तीन छक्के जड़े। कोहली के आउट होने के बाद दूसरे छोर पर आकर डटे श्रेयस अय्यर ने गिल का भरपूर साथ दिया और मात्र 64 गेंदों की पारी में आठ चौके और दो छक्के कूट दिये। वह भी आदिल रशीद की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। केएल राहुल (40) ने आक्रामक बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अंग्रेज गेंदबाजों की जमकर धुनायी गयी हालांकि उनकी 29 गेंदों की संक्षिप्त पारी का समापन साकिब महमूद ने किया। बाद में रन औसत बढ़ाने के चक्कर में भारतीय एक के बाद एक अपना विकेट गंवाते रहे और उसकी पूरी पारी 50वें ओवर की अंतिम गेंद पर सिमट गयी।

इंग्लैंड की ओर से आदिल सबसे सफल गेंदबाज बने जबकि मार्क वुड ने दो भारतीयों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। गस एटकिंसन,जो रुट और साकिब महमूद को एक एक विकेट मिला। जवाब में बेन डकट (34) और फिल साल्ट (23) ने पहले विकेट के लिये लगभग दस रन प्रति ओवर की दर से 60 रन जोड़ लिये थे जिसे देखकर लग रहा था कि मुकाबला करीबी होगा मगर अर्शदीप सिंह (33 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में दोनो सलामी बल्लेबाजों को आउट कर मेहमान टीम को करारा झटका दिया।

बाद में टॉम बैंटन (38) और जो रुट (24) ने पारी को पटरी में लाने का प्रयास किया मगर हर्षित राणा (31 रन पर दो विकेट), अक्षर पटेल (22 रन पर दो विकेट), हार्दिक पांड्या (38 रन पर दो विकेट) और कुलदीप यादव (38 रन पर एक विकेट) की चौकड़ी ने अंग्रेजों को नियमित अंतराल में पवेलियन भेज कर उन्हे मुसीबतों के भंवर में उलझाये रखा। वशिगंटन सुंदर ने 43 रन खर्च कर एक विकेट चटकाया। हार की दहलीज पर पहुंच चुकी इंग्लैंड के लिये आखिरी के ओवरों में गस एटकिंसन (38) ने धुआंधार अंदाज में खेलते हुये दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया मगर तब तक बाजी इंग्लैंड के हाथों से निकल चुकी थी।

असलंका और तीक्षणा की बदौलत श्रीलंका जीता

कोलंबो, 12 फरवरी। कप्तान चारिथ असलंका (127) की शतकीय पारी के बाद महीश तीक्षणा (40 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां 49 रन की आसान जीत दर्ज की। आर प्रेमदासा स्टेडियम पर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 44 ओवर के खेल में 214 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया की पूरी टीम 33.5 ओवरों में 165 रन पर सिमट गयी। गेंदबाजों की मदद पिच पर असलंका ने मजबूत इच्छाशक्ति और धैर्य का परिचय देते हुये साहसिक शतक बनाया जिसकी बदौलत मेजबान टीम 200 रन का आंकड़ा पार करते में सफल रही। एक समय श्रीलंका की आधी टीम 55 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। ऐसे संकट के समय में असलंका आगे आये और टीम का स्कोरबोर्ड चलाने का दायित्व अपने ऊपर ले लिया। उन्होने दनिथ वेल्लागे (30) के साथ 67 रनों की अहम साझीदारी निभायी और टीम को संकट से उबारने में सफलता हासिल की। वेल्लागे के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने असलंका का साथ क्रीज पर समय बिता कर किया जिससे असलंका को रन जोड़ने में सफलता मिली। आस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत भी निराशाजनक रही जब उनके सलामी बल्लेबाजों को असिथा फर्नांडो ने अपने लगातार दो ओवर में चलता कर दिया। अभी कंगारु टीम इन झटकों से उबरी भी नहीं थी कि महीश तीक्षणा ने कूपर कोनाले (3) और वेल्लागे ने कप्तान स्टीव स्मिथ (12) को आउट कर मेहमान टीम के शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी। आस्ट्रेलिया की ओर से एलेक्स कैरी (41) और एरन हार्डी (32) ने पारी को संभालने का प्रयास किया मगर अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने से उनकी यह कोशिश निरर्थक साबित हुयी और मेहमान टीम को एशियाई महाद्वीप में एक करारी शिकस्त झेलने पर मजबूर होना पड़ा।

अरावली पोलो ने डेल्टा/वी पोलो को, जयपुर जिंदल ने जयपुर यूएसपीए को हराया

जयपुर पोलो सीजन 2025, रैफल्स सिरमोर कप

जयपुर, 12 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, रैफल्स सिरमोर कप (12 गोल) में आज दो मैच खेले गए। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दोपहर 11.30 बजे अरावली पोलो और डेल्टा/वी पोलो के बीच मैच खेला गया, जिसमें अरावली पोलो ने डेल्टा/वी पोलो को 3-7 से हराया। अरावली पोलो की ओर से मनोलो ने 2 ओर फेडरिको ने शानदार 5 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

डेल्टा/वी पोलो की ओर से हुर्र अली ने 1 ओर सेंटियागो ने 2 गोल किये। दूसरा मैच शाम 3 बजे रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर यूएसपीए वर्सेज़ जिन्दल पैंथर्स के बीच खेला गया जिसमेजयपुर यूएसपीए को जिंदल पैंथर्स ने 5-7 गोल से हराया। जयपुर यूएसपीए की ओर से जैसल सिंह, लांस वाटसन, निकोलस ने 1-1 ओर शमशीर अली 2 गोल किये पर टीम को जीत नही दिला पाए। जिंदल पैंथर्स की ओर से वैंकटेश जिन्दल ओर सिमरन शेरगिल ने 1-1, सिद्धान्त शर्मा ने तिकडी समेत 5 गोल कर अपनी टीम को विजयी बनाया।

महाराज पदमनाभ सिंह के पीछे से आ रही बॉल हाथ की कोहनी पर लगी

जयपुर, 12 फरवरी। रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर यूएसपीए वर्सेज़ जिन्दल पैंथर्स के बीच खेला जा रहा था, जिसमे पहले चक्कर के 5.43 मिनट पर जिन्दल पैंथर्स के खिलाड़ी द्वारा पास देने के दौरान जयपुर यूएसपीए के खिलाड़ी महाराज पदमनाभ सिंह के पीछे से आ रही बॉल हाथ की कोहनी पर लगी जिससे मैच को रोकना पड़ा। उनकी जगह शमशीर अली खेले।महाराज पदमनाभ सिंह को उसी वक़्त नरेंद्र सिंह अपनी कार में लेकर हॉस्पिटल गए, उनके पीछे एम्बुलेंस भी चल रही थी। हालांकि महाराज पदमनाभ सिंह ठीक है।

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के पहले मैच में भारत ने मकाऊ को हराया

नई दिल्ली, 12 फरवरी। पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता भारत ने बुधवार को चीन के क्विंगदाओ स्पोर्ट्स सेंटर कॉन्सन जिम्नेजियम में ग्रुप डी में मकाऊ पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 अभियान की शुरुआत की। इस जोरदार जीत ने भारत की नॉकआउट चरण में जगह भी पक्की कर दी। अब वे ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए गुरुवार को ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में दो बार के उपविजेता दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय खेलों के मिश्रित युगल के स्वर्ण पदक विजेता सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ ने शुरुआती मिश्रित युगल मुकाबले में लिओंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची पर 21-10, 21-9 की जीत के साथ भारत के लिए जीत की बुनियाद रखी।

लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल में पुई पैंग फोंग को 21-16, 21-12 से हराकर भारत की बढ़त बढ़ा दी, जबकि मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में चान हाओ वाई पर 21-15, 21-9 की शानदार जीत के साथ भारत की नॉकआउट सीट पक्की कर दी। भारत ने एमआर अर्जुन और चिराग शेट्टी की नई पुरुष युगल जोड़ी को मैदान में उतारा, जिन्होंने मकाऊ के पुई ची चोन और वोंग कोक वेंग को 21-15, 21-9 से हराकर स्कोर 4-0 कर दिया। गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने एनजी वेंग ची और पुई ची वा पर 21-10, 21-5 की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में भारत की शानदार शुरुआत में जोश भर दिया।

मुख्यमंत्री स्पोर्ट्सपर्सन बीमा योजना, 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित

जयपुर, 12 फरवरी। प्रदेश के अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडियों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा एवं जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री स्पोर्टसपर्सन बीमा योजना, 2024 प्रारम्भ की गई है। इस योजना के लिए राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद ने आवेदन आमंत्रित किए है। आवेदन फार्म क्रीडा परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि 60 वर्ष से कम उम्र के खिलाडी इस योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए है। यह योजना राजस्थान के मूल निवासी खिलाडियों के लिए है। यह योजना आगामी एक वर्ष के लिए होगी। उन्होने बताया कि योजना के अन्तर्गत राजस्थान के वर्तमान और पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता समस्त खिलाडी शामिल किए गए है। योजना के अन्तर्गत ओलम्पिक और पैरालंपिक पदक विजेता, वर्ल्ड कप व वर्ल्ड चैम्पियनशिप (पैरा वर्ग में भी), क्रिकेट विश्व कप और चैम्पियनशिप के विजेता व उपविजेता, पोलो वर्ल्ड कप और चैम्पियनशिप के विजेता व उपविजेता, कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता (पैरा वर्ग में भी), एशियन गेम्स के पदक विजेता (पैरा वर्ग में भी), एशियन चैम्पियनशिप के विजेता (पैरा वर्ग में भी), साउथ एशियन गेम्स के पदक विजेता (पैरा वर्ग में भी), और क्रिकेट एशिया कप व चैम्पियनशिप के विजेता व उपविजेता खिलाडी इस श्रेणी में शामिल किए गए है।

सबालेंका और गॉफ का फर कतर ओपन के दूसरे चरण में ही समाप्त

दोहा, 12 फरवरी। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और नंबर तीन कोको गॉफ कतर डब्ल्यूटीए ओपन के दूसरे दौर में हार कर बाहर हो गई हैं।

आईपीएल में स्टेडियम से 50 मीटर दूर बिल्डिंग का टिकट लगेगा जयपुर में सीट बढ़ाने के लिए 2 भवन की छत का उपयोग होगा

जयपुर 12 फरवरी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मार्च महीने में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले होने जा रहे हैं। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। खेल विभाग की ओर से इस बार जयपुर में राजस्थानी थीम पर होगा। पूरे स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। पहली बार एसएमएस स्टेडियम परिसर के अंदर और बाहर बने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एकेडमी बिल्डिंग और खेल भवन की छत के भी टिकट दिए जाएंगे।

यह बिल्डिंग्स स्टेडियम से करीब 50 मीटर दूर है। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया- इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के दौरान इस बार स्टेडियम की दर्शक क्षमता को 50 हजार तक तो नहीं बढ़ाया जा सकता है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। फिलहाल साउथ पवेलियन के रिनोवेशन का काम शुरू कर दिया गया है। खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की स्पोर्ट्स एकेडमी बिल्डिंग की छत (टेरिस) पर भी बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि यह पिछली बार से ज्यादा दर्शक इस बार जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग का मुकाबला देख सकेंगे।

मुकाबलों के बाद खेल मंत्री के दिशा-निर्देश पर सवाई मानसिंह स्टेडियम की कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए एक नए प्लान पर काम किया जाएगा। ताकि भविष्य में स्टेडियम की क्षमता को 50 हजार दर्शक तक पहुंचाया जा सके। नीरज कुमार पवन ने बताया- हर बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के दौरान फुटबॉल ग्राउंड को पार्किंग एरिया बना दिया जाता था। इसकी वजह से वहां पर खिलाड़ी प्रैक्टिस नहीं कर पाते थे। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में फुटबॉल ग्राउंड को पार्किंग एरिया नहीं बनाया जाएगा। ऐसे में यहां खिलाड़ी आसानी से प्रैक्टिस कर सकेंगे। पवन ने बताया इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले से पहले ही पूरे स्टेडियम को रिनोवेट किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा बकाया यूडी टैक्स को लेकर भी हमें नोटिस जारी किया गया था। इसमें कुछ गड़बड़ी थी, क्योंकि यूडी टैक्स का नोटिस दो भागों में खेल परिषद और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को दिया जाना चाहिए था। इसके साथ जो भाग खेल परिषद को दिया जाना था।

इसके कैलकुलेशन में भी गड़बड़ी थी। हमने री कैलकुलेशन के लिए नोटिस को फिर से नगर निगम को भेजा है। जल्द ही नया बकाया नोटिस जारी होगा, जिसके आधार पर भुगतान कर दिया जाएगा। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि जयपुर में इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले राजस्थानी थीम पर होंगे। इसी थीम पर स्टेडियम को सजाया जाएगा। एंट्री से लेकर स्टेडियम के सभी स्टैंड, बॉक्स और स्टेडियम के बाहरी हिस्से में भी राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

बीसीसीआई द्वारा आरसीए एडहॉक कमेटी ऑथोराइज्ड है तो आईपीएल के लिए भी हम ऑथोराइज्ड : जयदीप बियानी



जयपुर, 12 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहानी का कहना है कि सरकार ने सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए कमेटी बनाई थी, आज क्रिकेट सुचारू रूप से चल रहा है। आईपीएल को लेकर जयदीप ने कहा कि राज्य सरकार ही करवाएगी आईपीएल का सफल आयोजन। हमेशा की तरह ही आरसीए एडहॉक कमेटी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम की स्पोर्ट्स कॉउन्सिल से किराये पर लेकर। बीसीसीआई ने आरसीए एडहॉक कमेटी को लेटर भेजा है आईपीएल के सफल आयोजन करने को लेकर।

पूरे हिन्दुस्तान में आईपीएल के टूर्नामेंट क्रिकेट एसोसिएशन ही करवाती है। राजस्थान में एडहॉक कमेटी है लेकिन आरसीए है तो क्रिकेट एसोसिएशन। बीसीसीआई ने आरसीए एडहॉक कमेटी को लेटर लिखा है तो सैद्धांतिक तौर पर एडहॉक कमेटी को ही आईपीएल टूर्नामेंट करवाना चाहिए। इसी को लेकर मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करूंगा। फिर क्या आदेश आते है, मैं वही करुंगा। खेल परिषद ने हमेशा आरसीए के साथ ही तो एमओयू किया है और आरसीए ने जयपुर सवाई मान सिंह स्टेडियम का किराया खेल परिषद को दिया है। आगे भी किराया देने को तैयार है। हमने रणजी मैच, डोमेस्टिक मैच करवाए है उसका किराया दिया है। अगर आईपीएल के आयोजन खेल परिषद करवाना चाहती है तो फिर रणजी मैचों के आयोजन क्यों नही करवाया? क्यों डोमेस्टिक मैचों के आयोजन नही करवाए? जब खेल परिषद को आगे आना चाहिए था कि रणजी मैच हम कवायेंगे। सिर्फ आईपीएल को लेकर बिना वजह बवाल खड़ा किया जा रहा है। जब रणजी ओर डोमेस्टिक मैचों के लिए हम ही ऑथोराइज़्ड है तो बीसीसीआई की ओर से आईपीएल के लिए भी हम ऑथोराइज़्ड है। आईपीएल हम ही करायेंगे।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह के अनुसार सवाई मानसिंह स्टेडियम के पैवेलियन के आगे खेल परिषद के चैयरमैन के आदेशानुसार आईपीएल की दर्शक दीर्घा बढ़ाने को लेकर कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन यह आदेश किसने कब दिए इसका पता नहीं लग पाया।

क्रिकेट मैदान ओर पिच को लेकर बियानी ने कहा कि आरसीए एडहॉक कमेटी के ऑथोराइज़्ड ग्राउंड स्टाफ खेल परिषद को कॉपरेट कर रहा है। खेल परिषद ग्राउंड स्टाफ को सैलरी नही देता है, बीसीसीआई द्वारा आरसीए एडहॉक कमेटी के जरिए सैलरी देती है। नीरज के पावन ने मीटिंग में नही बुलाने को लेकर बियानी ने कहा कि नीरज पवन को एडहॉक कमेटी के कन्वीनर को बुलाना चाहिये था। उन्होंने तो मेरा फोन तक रिसीव नही किया। इसीलिए मैंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह और नीरज के पवन को लेटर लिख दिया है कि आईपीएल करवाने का हक़ हमारा है और इसे हम ही करवाएंगे।

राजस्थान शूटिंग के स्टार खिलाड़ी अनंतजीत सिंह नरुका ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में मारी बाजी

जयपुर, 12 फरवरी। राजस्थान राज्य की शूटिंग टीम के स्टार खिलाडी श्री अनंतजीत सिंह नरुका ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में आयोजित शॉटगन की क्ले पिजन स्कीट मैन इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया हैं। प्रतियोगिता के प्रारम्भ से ही अनंतजीत सिंह नरुका ने अपना दबदबा बनाये रखा और क्वालिफिकेशन स्कोर में (122) और फाइनल्स स्कोर में (56) अंक हासिल कर प्रथम स्थान बनाये रख। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के परमपाल सिंह गुरॉन ने क्वालिफकेशन स्कोर में (117) और फाइनल्स स्कोर में (51) अंक प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया और पंजाब के भवतेग सिंह गिल ने क्वालिफकेशन स्कोर में (116) और फाइनल्स स्कोर में (42) अंक प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस शॉटगन प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड में दिनांक 07 फरवरी से 13 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी राज्यों से हजारो की संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे राजस्थान के निशानेबाज ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाया।